Newspaper: Patrika | Edition: Chhattisgarh

पहल...

'प्रज्ञा स्मार्ट क्लास' में आधुनिक तरीके से होगी पढ़ाई

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रामानुजगंज. कलक्टर के निर्देश पर रामचंद्रपुर विकासखंड के प्रत्येक ग्राम पंचायत में 'प्रज्ञा स्मार्ट क्लास' के बेहतर संचालन हेतु 82 ग्राम पंचायतों के 82 शिक्षकों का दो दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम स्थानीय हाईस्कूल में आयोजित किया गया। इसमें मास्टर ट्रेनरों द्वारा बच्चों से जुड़कर कैसे पढ़ाना है, इसकी ट्रेनिंग दी गई।

गौरतलब है कि कलक्टर द्वारा जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत में पहली से पांचवीं तक के बच्चों को निजी शैक्षणिक संस्था से बेहतर शिक्षा, संसाधन व माहौल देने के लिए प्रज्ञा प्राथमिक शाला का चयन किया गया, जहां प्रज्ञा स्मार्ट क्लास का संचालन किया जा रहा है। प्रज्ञा स्मार्ट क्लास के लिए चयनित प्राथमिक शाला में 40 इंच की एलसीडी दी गई है। साथ ही शिक्षकों में पढ़ाई में रोचकता पैदा करने के लिए पेन ड्राइव में विभिन्न विषयों का रोचक समायोजन किया गया है। इसके साथ ही प्रज्ञा प्राथमिक शालाओं का रंग-रोगन व सजावट भी बच्चों के स्कूल के प्रति आकर्षण लाने के लिए किया जा रहा है। प्रज्ञा स्मार्ट क्लास के बेहतर संचालन के लिए स्थानीय हाईस्कूल में दो दिवसीय ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मास्टर ट्रेनर विनीत गुप्ता, अजय तिवारी, रवि जायसवाल द्वारा ट्रेनिंग दी गई। प्रत्येक ग्राम में प्रज्ञा प्राथमिक शाला के संचालन को लेकर ग्रामवासियों में काफी उत्सुकता है।